इस अवसर पर छात्र-छात्राओ ने कुमाउनी लोक गीत एवं लोक नृत्य द्वारा उत्तराखण्ड की संस्कृति को दर्शाया तथा हस्तशिल्प कला कौशल प्रतियोगिता में विभिन्न पहाडी खाद्य पदार्थों तथा हस्त-निर्मित वस्तुओ के स्टॉल लगाकर कुमाउनी संस्कृति से परिचय कराया। रंगोली प्रतियोगिता ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिया । कार्यक्रम का संचालन डॉ० स्वाति जोशी द्वारा किया गया।



लोक नृत्य प्रतियोगिता और प्रमाण पत्र वितरण

कार्यक्रम की संयोजक डॉ० भावना पन्त ने अखिल भारतीय शिक्षा समागम समारोह-2026 के अन्तर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियो की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा समारोह की संक्षिप्त आख्या प्रस्तुत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० डी० सी०
पन्त ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियो उत्साहवर्धन किया ।



लोकनृत्य प्रस्तुति देते हुए छात्राएँ

लोकनृत्य प्रतियोगिता में चंपा एवं समूह ने प्रथम, निकिता त्रिपाठी ने द्वितीय एवं खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । **(संलग्नक-8)**
ऐपण प्रतियोगिता में गरिमा प्रथम, भावना अधिकारी द्वितीय व वैशाली अधिकारी तृतीय स्थान पर रही। **(संलग्नक-9)**
रंगोली प्रतियोगिता में दिया त्रिपाठी प्रथम, आंशिका एवं समूह द्वितीय तथा दीपिका एवं समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।**(संलग्नक-10)**



रंगोली बनाती हुई छात्राएँ

हस्तशिल्प कला कौशल प्रतियोगिता में कपिल कुमार प्रथम, विनीत द्वितीय तथा नेहा काण्डपाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
(संलग्नक-11)



छात्र कौशल प्रतियोगिता में कौशल दिखाते हुए छात

निर्णायक मण्डल द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओ के परिणाम घोषित किये गये तथा प्राचार्य महोदय द्वारा अखिल भारतीय शिक्षा समागम समारोह -2026 के समापन की घोषणा कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस

कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापको,प्राध्यापिकाओं,कर्मचारियों एवं छात्र- छात्राओं ने पूर्ण मनोयोग से प्रतिभाग किया।

अखिल भारतीय उच्च शिक्षा समागम समारोह- 2026 समिति-

डॉ० भावना पन्त- संयोजक
डॉ० महेन्द्र सिंह- सहसंयोजक
डॉ० प्रणवीर प्रताप- सदस्य
डॉ० रूमा साह- सदस्य
डॉ० उपासना शर्मा- सदस्य
डॉ० प्रेमलता त्रिपाठी- सदस्य
डॉ० स्वाति जोशी- सदस्य

छात्र संघ निर्वाचन आख्या सत्र-2026-27

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट, अल्मोड़ा

राजकीय स्ना. महाविद्यालय द्वाराहाट में शैक्षणिक सत्र-2026-27 के अन्तर्गत छात्र संघ निर्वाचन का आयोजन विद्यार्थियों में लोकतान्त्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व एवं छात्रहित के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से किया गया। छात्र संघ निर्वाचन उच्च शिक्षण संस्थानों की एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक गतिविधि है जो विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया के माध्यम से अपने प्रतिनिधियों का चयन करने का अवसर प्रदान करती हैं।

निर्वाचन प्रक्रिया निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं महाविद्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न कराई गयी। इसके अन्तर्गत निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा, नामांकन पत्रों का वितरण एवं जमा करना, नामांकन पत्रों की जाँच, नाम वापसी तथा अंतिम प्रत्याशी सूची का प्रकाशन जैसी आवश्यक प्रक्रियाएं संपन्न की गईं।

निर्धारित तिथि को महाविद्यालय में मतदान की प्रक्रिया आयोजित की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के उपरान्त निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतगणना सम्पन्न हुई तथा निर्वाचन परिणाम घोषित किये गये। इस प्रकार विद्यार्थियों को लोकतान्त्रिक व्यवस्था में सहभागिता, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा एवं प्रतिनिधित्व के महत्व को समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

निर्वाचन के परिणाम स्वरूप विभिन्न पदों पर निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों का विवरण निम्नवत हैं—

1. अध्यक्ष — हिमांशी बिष्ट
2. उपाध्यक्ष (छात्र) — राहुल जोशी
3. उपाध्यक्ष (छात्रा) — बिनीता बजेठा
4. सचिव — दिवाकर कैड़ा
5. संयुक्त सचिव (छात्रा) — दिव्यांका पाण्डेय
6. कोषाध्यक्ष (छात्रा) — भावना बिष्ट

7. विश्वविo प्रतिनिधि — हिमांशु आर्या

छात्र संघ के निर्वाचित पदाधिकारियों से अपेक्षा हैं कि वे विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं सहपाठ्यक्रम संबंधी आवश्यकताओं को उचित मंच पर प्रस्तुत करेंगे तथा महाविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन, सांस्कृतिक गतिविधियों, रचनात्मक सहभागिता एवं सकारात्मक शैक्षिक वातावरण को प्रोत्साहित करने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
द्वाराहाट, अल्मोड़ा





छात्रसंघ निर्वाचन 2026-27 के लिए संभावित प्रत्याशियों के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल संभावित प्रत्याशी,प्राध्यापक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं

द्वाराहाट में 16 प्रत्याशियों ने खरीदे नामांकन पत्र



द्वाराहाट महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव के लिए नामांकन पत्र खरीदते प्रत्याशी • जागरण

संवाद सहयोगी, जागरण.द्वाराहाट: छात्रसंघ चुनाव के लिए राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न पदों के लिए 16 पत्रों की बिक्री हुई। नामांकन शुक्रवार को होगा। प्राचार्य डा. डीसी पंत तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. सुल्तान सिंह यादव ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए तीन, उपाध्यक्ष छात्र और छात्रा पद के लिए दो दो, सचिव तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए भी दो पत्र खरीदे गए। संयुक्त सचिव पद के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। जबकि विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के लिए भी तीन पत्र खरीदे गए। नामांकन कराते समय प्रत्याशी को सभी संबंधित दस्तावेज जमा करने होंगे।

दुगनाकुरी महाविद्यालय में छह पदों पर बिके नामांकन पत्र

बागेश्वर: शहीद महेंद्र सिंह भाकुनी राजकीय महाविद्यालय दुगनाकुरी, बनलेख में छात्रसंघ चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के तहत गुरुवार को विभिन्न पदों के लिए छह नामांकन पत्र खरीदे गए। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष (छात्रा), सचिव, कोषाध्यक्ष और सांस्कृतिक सचिव पद के लिए एक-एक नामांकन पत्र की बिक्री हुई। संयुक्त सचिव और विवि प्रतिनिधि पद के लिए किसी छात्र-छात्रा ने नामांकन पत्र नहीं खरीदा, जिससे ये दोनों पद रिक्त रह गए हैं। (जासं)

दैनिक जागरण 25 सितम्बर 2026




राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)
DWARAHAT (ALMORA)
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)
28 सितम्बर 2026
दिनांक 29 सितम्बर 2026 को होने वाले छात्रसंघ निर्वाचन 2026-27 में मतदान, मतगणना तथा अनुशासन समितियों के साथ बैठक


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
28 सितम्बर, 2026
दिनांक 29 सितम्बर 2026 को होने वाले छात्रसंघ निर्वाचन 2026-27 के लिए सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
डॉ.डी.सी.पन्त
प्राचार्य
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
सहायक निर्वाचन
डॉ.डी.सी.पन्त
प्राचार्य
छात्रसंघ निर्वाचन 2026-27... मतगणना (29 सितम्बर, 2026)



हिन्दुस्तान (30 सितम्बर 2026)



द्वाराहाट कॉलेज में निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। ● हिन्दुस्तान

द्वाराहाट में निर्दलीय हिमांशी बनीं अध्यक्ष

द्वाराहाट। पीजी कॉलेज में अध्यक्ष पद पर निर्दलीय प्रत्याशी हिमांशी बिष्ट 313 मतों के साथ जीती दूसरे प्रत्याशी यूएसएफ की कविता आर्या को 186 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष में राहुल जोशी ने हिमांशु आर्या, छात्रा उपाध्यक्ष में विनीता बजेठा ने महक आर्या, सचिव मे दिवाकर कैड़ा ने दिपांशु आर्या, संयुक्त सचिव में दिव्यांका पांडेय ने अंजली त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष में भावना बिष्ट ने गरिमा आर्या, विवि प्रतिनिधि में हिमांशु आर्या ने पूजा लमकोटी को हराकर जीत दर्ज की। विजयी को प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने शपथ दिलाई।

Parent-Teacher Association (PTA) Meeting

A meeting of the Parent-Teacher Association (PTA) was organized in the college on 5thSeptember, 2026 to strengthen collaboration between parents and teachers for the academic and overall development of students. During the meeting, the members of the New Association for the current session were selected by the consensus of the attending parents.The newly elected team will work in coordination with the college administration and faculty members to address students' academic needs, promote effective communication, and contribute to improving the educational environment. The members elected for the new PTA are as follows:

S.No	Post	Name
1	Patron	Dr. D.C. Pant (Principal)
2	President	Mr. Deep Chandra Joshi
3	Vice President	Mrs. Tara Devi
4	Secretary	Dr. Nazish Khan (PTA Committee Convenor)
5	Joint Secretary	Dr. Sultan Singh Yadav(Member, PTA Committee)
6	Treasurer	Mrs. Pushpa Devi






GPS Map Camera
Dairi, Uttarakhand, India
Lat 29.769548° Long 79.414727°
05/09/26 12:00 PM
SSMMUSSS Govt PG College Dwarahat
Google


स्व॰ श्री मदनमोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)
शिक्षक अभिभावक परिषद्
गत एवं अभिनंदन करता है।

मुख्यमंत्री भविष्य निर्माण योजना

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए मुख्यमंत्री भविष्य निर्माण योजना का शुभारंभ किया गया है। शासनादेश संख्या 383399 दिनांक 01.04.2026 एवं निदेशक, उच्च शिक्षा हल्द्वानी के पत्रांक Degree Plan/717/2026-27 दिनांक 04 अगस्त 2026 के अनुपालन में यह योजना प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों के लिए समर्पित है।

इस योजना की जानकारी प्रदेश के युवाओं को सीधे पहुँचाने हेतु दिनांक 07 सितम्बर 2026 को UKEDUSAT Webex के माध्यम से सीधा प्रसारण कर शुभारम्भ समारोह का आयोजन किया गया।

इस योजना का उद्देश्य पर्वतीय क्षेत्रों के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को महंगी कोचिंग के लिए महानगरों की ओर पलायन से रोकना तथा उन्हें घर बैठे गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग प्रदान करना है। इसके लिए शासन स्तर पर तीन राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थानों का चयन किया गया है- (1) Study IQ - UPSC/PCS हेतु, (2) Mahendra Education - Banking, SSC, Railway हेतु, (3) Doon Defence Dreamers - CDS, CAPF हेतु।

प्रथम चरण में हमारे महाविद्यालय के स्नातक/स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के टॉपर एवं गत वर्ष उत्तीर्ण (मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन छात्रवृत्ति प्राप्त) विद्यार्थी इस योजना से लाभान्वित होंगे। निश्चित रूप से यह योजना युवाओं को सिविल सेवा, बैंकिंग एवं रक्षा सेवाओं में अपना स्वर्णिम भविष्य गढ़ने का सशक्त माध्यम बनेगी।









डॉ रिजवाना तबस्सुम

सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान विभाग

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारहाट

"सूचना के अधिकार अधिनियम के 2। वर्ष: सुधार या सुदृढ़ क्रियान्वयन" विषय पर आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिता का प्रतिवेदन / आख्या **दिनांक:** ।।-9-2026

द्वाराहाट- स्व० श्री म० मो० उपा० स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, द्वाराहाट के आर०टी० सेल द्वारा "सूचना के अधिकार अधिनियम के 2। वर्ष: सुधार या सुदृढ़ क्रियान्वयन" विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता उत्तराखंड सूचना आयोग, देहरादून के निर्देश के अनुपालन में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों व आम जनों को सूचना के अधिकार के प्रति जागरूक करके उनके सोच को विकसित करना रहा। उक्त वाद-विवाद प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० डी० सी० पंत द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने विचार व्यक्त किया कि सूचना का अधिकार जनता के हथियार के रूप में कार्य कर रहा है। इसके प्रति जागरूक होकर ही सशक्त बनाया जा सकता है। इसमें अनेक ऐसे प्रावधान हैं जो शासन व्यवस्था और जनता के बीच पारदर्शिता की वकालत करता है। उन्होंने इस अधिनियम के 2। वर्ष पूर्ण होने पर इसके प्रासंगिकता पर भी विचार रखें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग प्रभारी डॉ० उपासना शर्मा ने विचार व्यक्त किया कि इस अधिनियम के लागू होने से पूर्व सरकारी विभागों में उतनी पारदर्शिता नहीं रहती थी, लेकिन इसके लागू होने के पश्चात सरकारी तंत्र में बहुत हद तक पारदर्शिता आयी है। महाविद्यालय के सहायक लोक सूचना अधिकारी डॉ० शरद भट्ट ने बताया कि आर०टी०आई० पिछले 2। वर्षों में स्वतः सुदृढ़ हुआ है लेकिन इसके तंत्र को अभी और जवाबदेह बनाने की जरूरत है। इनके अनुसार लोक सूचना अधिकार को जनता के मध्य और अधिक प्रचार-प्रसार होना चाहिए।

वाद-विवाद प्रतियोगिता को संचालित करते हुए लोक सूचना अधिकारी डॉ० अंचलेश कुमार ने उल्लेख किया कि लोक सूचना का अधिकार जनता का हथियार है। क्योंकि भारत जैसे विविधता वाले देश में इसकी सख्त आवश्यकता है। देश में इस अधिकार का सदुपयोग बढ़ा है और इसको और सुदृढ़ करने हेतु ठोस कदम उठाने की जरूरत है। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ० जया भट्ट (असि० प्रोफ़े० - इतिहास) एवं डॉ० सुल्तान सिंह यादव (असि० प्रोफ़े० - राजनीति विज्ञान) ने निभाई। आर०टी०आई० सेल की सदस्या श्रीमती चन्द्रा चौहान ने प्रतियोगिता को आयोजित करने में अपना योगदान दिया। इस प्रतियोगिता में रुचि पांडे- प्रथम, निकिता त्रिपाठी- द्वितीय और विनीता बजेठा ने तृतीय स्थान हासिल (प्राप्त) किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ० स्वाति जोशी, डॉ० निर्दोषिता बिष्ट, कु० अंजली, डॉ० प्रेमलता त्रिपाठी, डॉ० रिज़वाना तबस्सुम, डॉ० अशोक कुमार व प्रीतम सिंह समेत कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान गायन के साथ हुआ।

(डॉ० अंचलेश कुमार)

लोक सूचना अधिकारी, राजकीय स्ना० महाविद्यालय, द्वाराहाट-अल्मोड़ा।


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
स्व॰ श्री मदनमोहन उपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा)
आरटीआई अधिनियम पर विचार व्यक्त करते प्राध्यापक-छात्र छात्राएं
आर टी आई अधिनियम 2005 के 21 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यशाला....(11 सितम्बर, 2026)



द्वाराहाट में शनिवार को सूचना अधिकार एक्ट पर कार्यशाला हुई। ● हिन्दुस्तान

सूचना अधिकार एक्ट पर कार्यशाला हुई

द्वाराहाट। पीजी कॉलेज में सूचना अधिकार एक्ट पर हुई कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ डीसी पंत ने किया। कहा कि 21 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यशाला में प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए गए। यहां डॉ अंचलेश कुमार, डॉ शरद भट्ट, डॉ शरद भट्ट, जया भट्ट, डॉ उपासना शर्मा, डॉ राजेश प्रसाद, डॉ निर्दोषिता बिष्ट, डॉ अंजली, डॉ रिजवाना तबस्सुम, डॉ स्वाति जोशी, डॉ सुल्तान यादव, डॉ भूपेन्द्र कुमार आदि थे।

दैनिक हिंदुस्तान (13 सितम्बर 2026)

14 सितम्बर (हिन्दी दिवस)

आज दिनांक 14/9/2026 दिन सोमवार को रा० स्ना० , महाविद्यालय,द्वाराहाट, अल्मोड़ा में हिन्दी विभाग द्वारा "हिन्दी दिवस" के अवसर पर अनेकानेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कविता, निबन्ध, भाषण तथा पोस्टर इत्यादि प्रतियोगिताओं का शुभारंभ आदरणीय प्राचार्य महोदय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, कार्यक्रम का संचालन डा० राजेश प्रसाद (हिन्दी विभाग) द्वारा किया गया, मुख्य वक्ता के रूप में इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डा० शरद भट्ट तथा वक्ता के रूप में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डा० उपासना शर्मा उपस्थित रहे, महाविद्यालय के आदरणीय प्राचार्य जी ने हिन्दी के महत्व को, उसकी उपयोगिता को उजागर करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया ।कार्यक्रम की संयोजक डॉ रूमा साह ने अपने संबोधन में कहा कि भाषा व्यक्ति की ही नहीं अपितु राष्ट्र की बहुत बड़ी पहचान है। मुख्य वक्ता डॉ शरद भट्ट ने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला तथा वक्ता उपासना शर्मा ने भारत में बोली जाने वाली भाषाओं तथा बोलियों के विषय में बताया। कविता प्रतियोगिता में रुचिका जोशी प्रथम, निधि गौड़ द्वितीय तथा तनूजा तृतीय स्थान पर रहे, निबंध प्रतियोगिता में जानवी प्रथम, ज्योति अधिकारी द्वितीय व प्रियंका आर्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम कोमल, रश्मि मैनाली द्वितीय व तृतीय स्थान पर रितिका रही; भाषण प्रतियोगिता में रुचि पाण्डे प्रथम, निकिता त्रिपाठी द्वितीय व हर्षिता पुजारी तृतीय रही, कविता प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल में डा० सुल्तान सिंह यादव तथा डा० रिजवाना तबस्सुम रहीं, निबन्ध प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के रूप में डा० जया भट्ट तथा डा० उपासना शर्मा रहीं, पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल में डा० भावना पन्त व डा० विजयलक्ष्मी शर्मा रहीं, भाषण प्रतियोगिता में डा० अचलेश कुमार व डा० प्रकाश चन्द्र ने निर्णायक के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, कार्यक्रम में डा० धर्म सक्तू, डा० प्रकाश चन्द्र, डा० सुल्तान सिंह यादव, डा० जया भट्ट, डा० उपासना शर्मा, डा० भावना पन्त, डा० विजयलक्ष्मी शर्मा, डा० रिजवाना तबस्सुम, डा० अंजली, डॉ स्वाति,डा० प्रणवीर, डा० निर्दोषिता, डा० भूपेन्द्र, डा० अशोक, डा० शर्मिष्ठा इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ रूमा साह द्वारा सभी का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापन किया ।


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
14 सितम्बर 2026
हिन्दी दिवस कार्यक्रम....14 सितम्बर 2026


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
14 सितम्बर 2026 .... हिन्दी दिवस
हिन्दी दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण

मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह

अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2026 के अंतर्गत मिनी हैकाथॉन एवं विचार प्रतियोगिता गतिविधि में प्रस्तावित विषय के तहत मानसिक स्वास्थ्य एवं योगासन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों में स्वास्थ्य एवं मानसिक तनाव प्रबंधन की समझ विकसित करने हेतु योग कार्यक्रम में त्रिकोणासन, उष्ट्रासन, पश्चिमोत्तानासन, हलासन एवं शवासन सहित विभिन्न योग मुद्राओं का प्रदर्शन किया गया।

योग अध्यापिका प्रियंका जोशी द्वारा कार्यक्रम का संचालन कर छात्र-छात्राओं को विभिन्न मुद्राओं से परिचित कराया गया तथा प्रतियोगिता शुरू कराई गई, जिसमें 15 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल में डॉ. हेमलता धर्मसत्त तथा डॉ. रेनू द्वारा अंतिम निर्णय दिए गए, जिसके आधार पर परिणाम इस प्रकार रहे:

कोमल उप्रेती — प्रथम स्थान

प्रभात मेहरा — द्वितीय स्थान

दिवाकर कैड़ा — तृतीय स्थान

इस कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए रोजाना योग-अभ्यास के फायदे बताए गए। उन्होंने बताया कि योग मानसिक तनाव को कम करने तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निजात दिलाने में सहायक है।


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट
Government Post Graduate College Dwarahat
Relax with
Yoga
योगासन प्रतियोगिता (19 अगस्त 2026)
Government Post Graduate College
Relax with
Yoga
अखिल भारतीय शिक्षा समागम समारोह 2026







'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम

डॉ. सुमन गढ़िया
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वाराहाट, अल्मोड़ा

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, द्वाराहाट में **'एक पेड़ माँ के नाम'** अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार में वृक्षों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। प्राचार्य **डॉ. डी.सी. पंत** ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर आँवला, करी पत्ता, कनेर, रबर प्लांट, मोरपंखी आदि विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। महाविद्यालय के **राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)** स्वयंसेवकों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता की। सभी प्रतिभागियों ने पौधों के नियमित संरक्षण एवं देखभाल का संकल्प लिया।

कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा **'एक पेड़ माँ के नाम'** अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पौधारोपण के माध्यम से महाविद्यालय परिसर को अधिक हरा-भरा एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने का प्रयास किया गया।



Through the Lens of Media

द्वाराहाट महाविद्यालय में प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश शुरू



बीएससी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेते प्रवेशार्थी। स्रोत : जागरूक पाठक

द्वाराहाट (अल्मोड़ा)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो गई है। महाविद्यालय में बीए, बीएससी और बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जबकि अन्य कक्षाओं में भी नियमित पठन-पाठन प्रारंभ हो गया है।

प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने बताया कि स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों से शीघ्र प्रवेश लेकर नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित होने की अपील की गई है। प्रवेश के साथ ही विद्यार्थियों को परिचय पत्र जारी किए जा रहे हैं व नई कॉलेज यूनिफॉर्म तैयार कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में अनुशासन और बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने के लिए सभी प्राध्यापकों को नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन करने और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति का रिकॉर्ड सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्राचार्य के अनुसार स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल पर कुल 251 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। इन अभ्यर्थियों का प्रवेश शुरू हो चुका है और प्रक्रिया जारी है। वहां प्रो. नाजिश खान, डॉ. हेमलता, डॉ. बिपिन चंद्र सुयाल आदि रहे। संवाद

महाविद्यालय परिसर में रोपे पौधे, संरक्षण का दिया संदेश

द्वाराहाट (अल्मोड़ा)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट में सोमवार को ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने कहा कि हरेला पर्व प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया, ताकि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सामूहिक योगदान दिया जा सके। इस अवसर पर आंवला, करी पत्ता, कनेर, रबर प्लांट और मोरपंखी सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। साथ ही सभी प्रतिभागियों ने रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया।कार्यक्रम में प्रो. नाजिश खान, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमन गढ़िया, डॉ. शर्मिष्ठा, चंद्रा समेत महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहे। संवाद

दैनिक जागरण (29 जुलाई 2026)

केंद्रों पर नकलविहीन और पारदर्शी तरीके से परीक्षा कराने के निर्देश

संवाद सहयोगी, जागरण.द्वाराहाट: उत्तराखंड मुक्त विश्व विद्यालय (यूओयू) के कुलसचिव खेमराज भट्ट ने रानीखेत व द्वाराहाट महाविद्यालय स्थित केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों केंद्रों पर चल रही परीक्षाओं का जायजा लेते हुए को नकल विहीन और पारदर्शी तरीके से कराने के निर्देश दिए।



कुल सचिव यूओयू खेमराज स्वागत करते प्राचार्य डा. डीसी पंत • जागरण

उक्त परीक्षाएं 20 जुलाई से शुरू होकर 27 अगस्त तक चलेंगी। कुल सचिव ने परीक्षा कक्षों की गोपनीयता, अनुशासन तथा डबल लाक व्यवस्था को भी बारीकी से परखा। साथ ही केंद्राध्यक्षों, समन्वयकों तथा परीक्षाधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षा करवाने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। द्वाराहाट में उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद कर मुक्त विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। इससे पूर्व प्राचार्य डा. डीसी पंत तथा अन्य प्राध्यापकों ने उनका स्वागत किया।

हिंदुस्तान (23 अगस्त 2026)



कॉलेज द्वाराहाट में शनिवार को कार्यक्रमों की प्रस्तुति देती छात्राएं। • हिन्दुस्तान

छात्र-छात्राओं ने लोकगीतों से जमाया रंग

द्वाराहाट। राजकीय महाविद्यालय में अखिल भारतीय शिक्षा समागम समारोह का शनिवार को समापन हुआ। छात्र-छात्राओं ने ऐपण, रंगोली, हस्तशिल्प, लोकगीत और लोकनृत्य की प्रस्तुतियां दीं। पहाड़ी खाद्य पदार्थों और हस्तनिर्मित वस्तुओं के स्टॉल भी लगाए। लोकनृत्य में चंपा व समूह, ऐपण में गरिमा, रंगोली में दिया त्रिपाठी और हस्तशिल्प में कपिल कुमार प्रथम रहे। यहां प्राचार्य डॉ. डीसी पंत, डॉ. नाजिश खान, डॉ. हेमलता, डॉ. शरद भट्ट, डॉ. जया भट्ट, डॉ. अंचलेश कुमार, डॉ. उपासना शर्मा, डॉ. प्रणवीर, डॉ. रूमा साह, डॉ. सुमन गढिया, डॉ. विजय लक्ष्मी शर्मा रहे।

द्वाराहाट कॉलेज की ई-पत्रिका 'प्रतिभा' का दूसरा अंक जारी: प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने किया विमोचन, शैक्षणिक-सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल

अल्मोड़ा 1 घंटे पहले



सेवर

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट की त्रैमासिक ई-पत्रिका 'प्रतिभा' का दूसरा अंक जारी कर दिया गया है। इसका विमोचन प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने किया। उन्होंने बताया कि यह ई-पत्रिका इस वर्ष जनवरी से नियमित रूप से प्रकाशित हो रही है।

डॉ. पंत के अनुसार, 'प्रतिभा' में हर तीन महीने में कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों और विद्यार्थियों की रचनात्मक कृतियों को स्थान दिया जाता है। इसमें महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के साथ-साथ एनएसएस, एनसीसी, रोवर्स-रेंजर्स और यूथ रेडक्रॉस इकाई के प्रशिक्षण व अन्य कार्यक्रम शामिल होते हैं।

यह ई-पत्रिका विद्यार्थियों को अपनी रचनाएं और विचार प्रस्तुत करने के लिए एक महत्वपूर्ण लेखन मंच भी प्रदान करती है।

विमोचन समारोह के दौरान संपादक मंडल के सदस्य प्रो. नाजिश खान, डॉ. शरद भट्ट, डॉ. विजय लक्ष्मी शर्मा और डॉ. शर्मिष्ठा उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. हेमलता धर्मशक्तु, डॉ. आंचलेश कुमार, डॉ. अंजलि, डॉ. भूपेंद्र कुमार, चंद्रा, कुलदीप सिंह सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक और कर्मचारी भी मौजूद थे।



द्वाराहाट में शनिवार को सूचना अधिकार एक्ट पर कार्यशाला हुई। • हिन्दुस्तान

सूचना अधिकार एक्ट पर कार्यशाला हुई

द्वाराहाट। पीजी कॉलेज में सूचना अधिकार एक्ट पर हुई कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ डीसी पंत ने किया। कहा कि 21 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यशाला में प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए गए। यहां डॉ अंचलेश कुमार, डॉ शरद भट्ट, डॉ शरद भट्ट, जया भट्ट, डॉ उपासना शर्मा, डॉ राजेश प्रसाद, डॉ निर्दोषिता बिष्ट, डॉ अंजली, डॉ रिजवाना तबस्सुम, डॉ स्वाति जोशी, डॉ सुल्तान यादव, डॉ भूपेन्द्र कुमार आदि थे।

दैनिक हिंदुस्तान (13 सितम्बर 2026)

नई शिक्षा नीति पर संवाद और प्रतियोगिताएं आयोजित

द्वाराहाट (अल्मोड़ा)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संवाद, निबंध, कविता और चार्ट प्रतियोगिता कराई गई।

प्राचार्य डॉ डीसी पंत ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। निबंध प्रतियोगिता में वैशाली भट्ट प्रथम, रुचिका जोशी द्वितीय, विशाखा तृतीय स्थान पर रहीं।

स्वरचित कविता प्रतियोगिता में भगवती ने पहला, गरिमा ने दूसरा, हिमांशी बिष्ट ने तीसरा और पोस्टर प्रतियोगिता में नेहा कांडपाल ने प्रथम, पूजा ने लामकोटी द्वितीय और दिया त्रिपाठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहां डॉ नाजिश खान, डॉ रिजवाना तबस्सुम, डॉ निर्दोषिता बिष्ट, डॉ अंजली, डॉ राजेश प्रसाद, डॉ महेन्द्र सिंह आदि रहे।



प्रमाणपत्र के साथ छात्राएं और निर्णायक मंडल के सदस्य। स्रोत : महाविद्यालय

अमर उजाला (14 अगस्त 2026)

निबंध में वैशाली और पोस्टर में नेहा अव्वल

द्वाराहाट। राजकीय महाविद्यालय में अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2026 की ओर से नई शिक्षा नीति 2020 को लेकर संवाद व निबंध प्रतियोगिता हुई। निबंध में वैशाली भट्ट, पोस्टर में नेहा काण्डपाल पहले व स्वरचित कविता में भगवती पहले स्थान पर रहीं। यहां प्राचार्य डॉ. डीसी पंत, डॉ. नाजिश खान, डॉ. रिजवाना तबस्सुम, डॉ. निर्दोषिता बिष्ट, डॉ. अंजली, डॉ. राजेश प्रसाद, डॉ. भूपेंद्र अंचलेश कुमार, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. शरद भट्ट, डॉ. स्वाति जोशी, डॉ. सुल्तान सिंह, डॉ. भावना पंत आदि रहीं।

हिंदुस्तान (14 अगस्त 2026)

अमर उजाला (23 अगस्त 2026)

रंगोली और लोकनृत्य ने बिखेरी संस्कृति की छटा

महाविद्यालय में ऐपण, कुमाऊंनी संस्कृति और स्थानीय कला से रुबरु हुए विद्यार्थी

संवाद न्यूज एजेंसी

द्वाराहाट (अल्मोड़ा)। महाविद्यालय में अखिल भारतीय शिक्षा समागम समारोह-26 के तहत सांस्कृतिक, कौशल विकास प्रदर्शनी एवं कला गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें ऐपण, रंगोली, हस्तशिल्प और लोकनृत्य सहित विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने किया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने कुमाऊंनी लोकगीत और लोकनृत्य प्रस्तुत कर उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति की झलक दिखाई। हस्तशिल्प कला कौशल प्रतियोगिता में विभिन्न पहाड़ी खाद्य पदार्थों और हस्तनिर्मित वस्तुओं के स्टॉल लगाए गए। इनके माध्यम से विद्यार्थियों ने लोगों को कुमाऊंनी संस्कृति और स्थानीय कला से परिचित कराया।

प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने कहा कि इस तरह की रचनात्मक गतिविधियां और प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करती हैं। प्रतियोगिताओं में लोकनृत्य में चंपा एवं समूह प्रथम, निकिता त्रिपाठी द्वितीय और खुशबू तृतीय रहीं। ऐपण में गरिमा ने प्रथम, भावना अधिकारी ने द्वितीय और वैशाली अधिकारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में दिया त्रिपाठी प्रथम, अंशिका एवं समूह द्वितीय व दीपिका एवं समूह तृतीय रहे। हस्तशिल्प कला कौशल में कपिल कुमार प्रथम, विनीत द्वितीय और नेहा कांडपाल तृतीय रहीं। संचालन डॉ. स्वाती जोशी ने किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम में डॉ. नाजिश खान, डॉ. हेमलता, डॉ. शरद भट्ट, डॉ. जया भट्ट, डॉ. अंचलेश कुमार, डॉ. उपासना शर्मा, डॉ. प्रणवीर, डॉ. रुमा साह, डॉ. सुमन गढ़िया, डॉ. विजय लक्ष्मी शर्मा आदि रहीं।



सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक नृत्य प्रस्तुत करतीं महाविद्यालय की छात्राएं। संवाद

सार-संक्षेप

दैनिक जागरण
(23 अगस्त 2026)

नृत्य में चंपा, ऐपण में गरिमा व रंगोली में दीया की टीम अव्वल

द्वाराहट: अखिल भारतीय शिक्षा समागम समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मुग्ध किया। कौशल विकास तथा हस्तशिल्प पर आधारित प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। प्राचार्य डा. डीसी पंत ने संस्कृति के विकास को सभ्यता की नींव बताया। साथ राज्य की समृद्ध संस्कृति के संरक्षण के लिए युवाओं से आगे आने को कहा। इस दौरान हुई नृत्य प्रतियोगिता में चंपा, ऐपण में गरिमा, रंगोली में दीया व हस्तशिल्प में कपिल की टीम ने बाजी मारी। राजकीय महाविद्यालय में आयोजित समारोह के समापन सत्र में शनिवार को विभिन्न रचनात्मक क्रियाकलाप हुए। विद्यार्थियों ने बड़े उत्सुकता के साथ हिस्सा लिया। ऐपण प्रतियोगिता में गरिमा, भावना अधिकारी व वैशाली अधिकारी, रंगोली में दिया त्रिपाठी, अंशिका व दीपिका की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पहला स्थान प्राप्त किया। हस्तशिल्प कला में कपिल कुमार, विनीत तथा नेहा कांड्याल ने हुनर दिखाया। प्राचार्य ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। (संस)

द्वाराहाट में मनाई गई गोविंद बल्लभ पंत की जयंती

द्वाराहाट (अल्मोड़ा)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट में भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 139वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। वहा डॉ. विजय लक्ष्मी शर्मा, डॉ. उपासना शर्मा, डॉ. शरद भट्ट, डॉ. जया भट्ट, डॉ. रूमा साह, डॉ. सुल्तान सिंह यादव आदि थे। संवाद



द्वाराहाट महाविद्यालय मे पंत को श्रद्धासुमन अर्पित करते प्राध्यापक ● जागरण

सामूहिक गायन किया गया। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल और अन्य जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।इस अवसर पर पीएम श्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कालेज में भाषण, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की

भारत रत्न पं. पंत को दी श्रद्धांजलि, समारोहपूर्वक मनाई 139 वीं जयंती

द्वाराहाट: भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत की 139वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डा. डीसी पंत उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। गोष्ठी भी हुई। जिसमें वक्ताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका, राजनीतिक सफर आदि पर विचार रखे। डा. विजय लक्ष्मी शर्मा, डा. उपासना शर्मा, डा. शरद भट्ट, डा. रूमा साह, डा. जया भट्ट, डा. सुल्तान सिंह यादव, डा. प्रकाश चंद्र तथा डा. निर्दोषिता आदि मौजूद रहे। जीजीआइसी, जीआइसी, बीआइसी आदि में भी पंडित जी को याद कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

दैनिक जागरण 11 सितम्बर 2026

अमर उजाला (12 सितम्बर 2026)

द्वाराहाट महाविद्यालय में 29 सितंबर को प्रस्तावित छात्रसंघ चुनाव की तैयारियां शुरू

द्वाराहाट (अल्मोड़ा)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट में 29 सितंबर को प्रस्तावित छात्रसंघ चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शुक्रवार को निर्वाचन समिति की बैठक प्राचार्य डॉ. डीसी पंत की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराने के साथ महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने पर चर्चा की गई। प्राचार्य ने बताया कि चुनाव संचालन के लिए तीन सदस्यीय निर्वाचन समिति गठित की गई है। डॉ. सुल्तान सिंह यादव को प्रभारी एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, डॉ. प्रकाश चंद्र को सदस्य और डॉ. सुमन गढ़िया को सदस्य निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है।

बैठक में छात्र-छात्राओं के परिचय पत्र तैयार करने, छात्र नामावली बनाने, नामांकन, मतदान और मतगणना समेत चुनाव से जुड़ी तैयारियों पर चर्चा की गई।

प्राचार्य ने निर्वाचन समिति को सभी तैयारियां समय पर पूरी करने और चुनाव प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुसार निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। संवाद

दैनिक जागरण (29 सितम्बर 2026)

छात्रसंघ कार्यकारिणी के लिए छह सदस्य मनोनीत



प्राचार्य प्रो. डीसी पंत को मनोनीत सदस्यों की सूची सौंपते समिति सदस्य • जागरण

संवाद सहयोगी, जागरण, द्वाराहाट: राजकीय महाविद्यालय में गठित होने वाली छात्रसंघ कार्यकारिणी के लिए छह सदस्यों को मनोनीत किया गया। प्राचार्य प्रो. डीसी पंत ने बताया कि वर्ष भर की क्रीड़ा, सांस्कृतिक, एनएसएस, एनसीसी, स्नातक व स्नातकोत्तर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी करन साह, विनीत बसेरा, दीपिका, कुमकुम रौतेला, आदित्य रावत व योगेश को मनोनीत किया गया है। बताया कि आज विजयी पदाधिकारियों के साथ ही इन्हें भी शपथ दिलाई जाएगी।

भाषण में रुचि प्रथम और निकिता को द्वितीय स्थान

द्वाराहाट : सूचना का अधिकार अधिनियम के 21 वर्ष पूरा होने पर राजकीय महाविद्यालय में कार्यशाला हुई। वक्ताओं ने सूचना के इस दौर में अधिनयम की प्रासंगिकता पर विचार रखे। भाषण प्रतियोगिता में रुचि पांडे, निकिता पांडे तथा विनीता बजेठा ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व प्राचार्य डा. डीसी पंत ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। (संस)

हिन्दुस्तान (30 सितम्बर 2026)



द्वाराहाट कॉलेज में निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। ● हिन्दुस्तान

द्वाराहाट में निर्दलीय हिमांशी बनीं अध्यक्ष

द्वाराहाट। पीजी कॉलेज में अध्यक्ष पद पर निर्दलीय प्रत्याशी हिमांशी बिष्ट 313 मतों के साथ जीती दूसरे प्रत्याशी यूएसएफ की कविता आर्या को 186 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष में राहुल जोशी ने हिमांशु आर्या, छात्रा उपाध्यक्ष में विनीता बजेठा ने महक आर्या, सचिव मे दिवाकर कैड़ा ने दिपांशु आर्या, संयुक्त सचिव में दिव्यांका पांडेय ने अंजली त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष में भावना बिष्ट ने गरिमा आर्या, विवि प्रतिनिधि में हिमांशु आर्या ने पूजा लमकोटी को हराकर जीत दर्ज की। विजयी को प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने शपथ दिलाई।



द्वाराहाट में शनिवार को पीटीए का गठन हुआ। ● हिन्दुस्तान

बागेश्वर, संवाददाता। जिले में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भावपूर्वक याद किया गया।

राजकीय इंटर कॉलेज बागेश्वर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि प्रभागीय वनाधिकारी प्रकाश चंद्र आर्य ने कहा कि शिक्षक समाज के दर्पण होते हैं। उनका सम्मान करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है।

शिक्षक समाज को नई दिशा देने के साथ पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन महान दार्शनिक, शिक्षाविद् और जन्मजात शिक्षक थे। शिक्षक ही विद्यार्थियों को संस्कारित और योग्य बनाकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता संजय टम्टा ने किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं और कर्मचारी मौजूद रहे।

द्वाराहाट के डिग्री कॉलेज में पीटीए का किया गठन

द्वाराहाट। डिग्री कॉलेज में शिक्षक दिवस पर पीटीए का गठन हुआ। प्राचार्य डॉ डीसी पंत की मौजूदगी में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को पुष्पांजलि अर्पित की। दीप चन्द्र जोशी को अध्यक्ष, तारा जोशी को उपाध्यक्ष, पुष्पा देवी को कोषाध्यक्ष नामित किया। डॉ. शरद भट्ट, प्रो नाजिश खान, डॉ.प्रकाश चन्द्र,डॉ जया भट्ट,डॉ अंचलेश कुमार,डॉ. भावना पंत,डॉ.उपासना शर्मा,डॉ.सुल्तान सिंह यादव,डॉ.रूमा साह,डॉ.देवजनी अधिकारी,डॉ.राजेश प्रसाद,डॉ.रिजवाना,डॉ.रेनू, डॉ प्रेमलता,डॉ.अशोक कुमार रहे।

दैनिक हिंदुस्तान (6 सितम्बर 2 सितम्बर 2026)

विद्यार्थियों ने दिया देशभक्ति का संदेश



द्वाराहाट महाविद्यालय में तिरंगा रैली में मौजूद प्राध्यापक व अन्य। स्रोत : महाविद्यालय

द्वाराहाट (अल्मोड़ा)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं की ओर से तिरंगा रैली निकाली गई। आजादी के 80 वें स्वतंत्रता दिवस से पूर्व नौ से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा रैली, तिरंगा रंगोली आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। इसी क्रम में बुधवार को प्राचार्य डॉ. डीसी पंत के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकाली गई। समस्त प्राध्यापकों कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति के संदेश के साथ जश्न मनाया। प्राचार्य डॉ. पंत ने कहा क भारत आज आर्थिक, औद्योगिक, तकनीकी एवं वैज्ञानिक प्रगति के पथ पर तेजी से विकसित हो रहा है। वहां डॉ. नाजिश खान, डॉ सुमन गढ़िया, डॉ रिजवाना तबस्सुम, डॉ निर्दोषिता बिष्ट, डॉ अंजली, डॉ राजेश प्रसाद, डॉ भूपेन्द्र कुमार, डॉ सुल्तान सिंह आदि उपस्थित रहे। संवाद

अमर उजाला (13 अगस्त 2026)

दैनिक जागरण (20 अगस्त 2026)

योग प्रतियोगिता में कपिल ने मारी बाजी



द्वाराहाट महाविद्यालय में योग प्रतियोगिता में हिस्सा लेते विद्यार्थी • जागरण

संवाद सहयोगी, जागरण.द्वाराहाट: अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2026 के तहत राजकीय महाविद्यालय में योग प्रतियोगिता हुई। इसमें कपिल उप्रेती, प्रभात मेहरा तथा दिवाकर कैड़ा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय में प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डा. डीसी पंत ने कहा कि आधुनिक जीवन शैली में मानसिक तनाव से मुक्ति पाने के लिए योग एक महत्वपूर्ण कारक है। उन्होंने भारतीय योगविद्या के इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि संपूर्ण विश्व इस विधा को सहर्ष अपनाते हुए खुद की जीवनचर्या को सुदृढ़ कर रहा है। योग प्रशिक्षक प्रियंका जोशी ने विभिन्न आसनों की जानकारी दी। मौके पर डा. हेमलता धर्मशक्तु, डा. सुल्तान सिंह यादव, डा. स्वाति जोशी, डा. रेनू, डा. रूमा साह, डा. भावना पंत, डा. उपासना शर्मा रहे।

विद्यार्थियों को नशामुक्ति की दिलाई शपथ

द्वाराहाट (अल्मोड़ा)। द्वाराहाट महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को विद्यार्थियों को नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय के नशा मुक्त प्रकोष्ठ (एंटी ड्रग सेल) की ओर से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के साथ-साथ मोबाइल का उपयोग शैक्षणिक सामग्री एवं स्किल कोर्स के लिए करने का आह्वान किया। वहां एंटी ड्रग सेल प्रभारी डॉ. आंचलेश कुमार, मुख्य अनुशास्ता डॉ. नाजिश खान, डॉ. प्रकाश चंद्र, डॉ. रूमा साह, डॉ. शरद भट्ट, डॉ. सुल्तान सिंह यादव, डॉ. उपासना शर्मा रहीं। संवाद

अमर उजाला (28 अगस्त 2026)

खेलो इंडिया डायलॉग में खिलाड़ियों ने साझा किए अपने अनुभव

द्वाराहाट (अल्मोड़ा)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से आयोजित एकदिवसीय शिविर के बौद्धिक सत्र में 'खेलो इंडिया डायलॉग' कार्यक्रम हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं और मेधावी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित 'खेलो इंडिया डायलॉग' का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव प्रसारण दिखाया गया। प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने युवाओं से शारीरिक और मानसिक स्वस्थता के लिए खेल प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने का आह्वान किया। युवा संवाद के तहत ताइक्वांडो खिलाड़ी सागर आर्या और करन शाह ने स्वयंसेवियों के साथ अपने खेल अनुभव साझा किए।

दोनों खिलाड़ियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ शरद भट्ट, डॉ जया भट्ट, डॉ सुमन गढ़िया, डॉ प्रकाश चन्द्र, डॉ सुल्तान सिंह यादव, डॉ भूपेन्द्र कुमार, डॉ राजेश प्रसाद, डॉ रेनू, चंद्रा तथा राकेश बिनवाल रहे। संवाद

भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को किया याद, कहा- शिक्षक समाज के दर्पण, उनका सम्मान करना हर व्यक्ति का कर्तव्य

भावी पीढ़ी बचाने को पौधे लगाने का लिया संकल्प

किया सम्मान

बागेश्वर, संवाददाता। जिले में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भावपूर्वक याद किया गया।

राजकीय इंटर कॉलेज बागेश्वर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि प्रभागीय वनाधिकारी प्रकाश चंद्र आर्य ने कहा कि शिक्षक समाज के दर्पण होते हैं। उनका सम्मान करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है।

शिक्षक समाज को नई दिशा देने के साथ पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन महान दार्शनिक, शिक्षाविद् और जन्मजात शिक्षक थे। शिक्षक ही विद्यार्थियों को संस्कारित और योग्य बनाकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता संजय टम्टा ने किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं और कर्मचारी मौजूद रहे।



राजकीय इंटर कॉलेज बागेश्वर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते संजय टम्टा।



द्वाराहाट में शनिवार को पीटीए का गठन हुआ। • हिन्दुस्तान

एक पेड़ गुरु के नाम अभियान चलाया

अल्मोड़ा। शिक्षक दिवस पर हवालबाग में एक पेड़ गुरु के नाम अभियान चलाया। ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडु के नेतृत्व में सदाबहार प्रजाति के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया। वहां बीडीओ संतोष जेठी, एबीडीओ रमेश सिंह कनवाल, प्रधान विमल कुमार, नवीन पंतोला, प्रकाश जोशी, विवेक कुमार, संजय कुमार, विधि पंत आदि मौजूद थे।

जीजीआईसी में शिविर लगाया: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शिक्षक दिवस पर राजा आनंद सिंह जीजीआईसी में शिविर लगाया गया। सचिव अनामिका सिंह ने लोगों को लैंगिक अपराध संरक्षण अधिनियम, यौन शोषण, यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी दी। इसके अलावा शिक्षिकाओं को भी आगामी 12 सितम्बर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बताया।



हवालबाग में शनिवार को एक पेड़ गुरु के नाम अभियान चलाया। • हिन्दुस्तान

द्वाराहाट के डिग्री कॉलेज में पीटीए का किया गठन

द्वाराहाट। डिग्री कॉलेज में शिक्षक दिवस पर पीटीए का गठन हुआ। प्राचार्य डॉ डीसी पंत की मौजूदगी में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को पुष्पांजलि अर्पित की। दीप चन्द जोशी को अध्यक्ष, तारा जोशी को उपाध्यक्ष, पुष्पा देवी को कोषाध्यक्ष नामित किया। डॉ. शरद भट्ट, प्रो नाजिश खान, डॉ.प्रकाश चन्द्र, डॉ जया भट्ट, डॉ अंचलेश कुमार, डॉ. भावना पंत, डॉ.उपासना शर्मा, डॉ.सुल्तान सिंह यादव, डॉ.रूमा साह, डॉ.देवजनी अधिकारी, डॉ.राजेश प्रसाद, डॉ.रिजवाना, डॉ.रेनू, डॉ प्रेमलता, डॉ.अशोक कुमार रहे।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

अल्मोड़ा। मां अम्बे इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज अल्मोड़ा में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वेयरमैन संदीप सिंह और वाइस वेयरपर्सन डॉ. प्रीति ने समाज निर्माण में शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला। सभी शिक्षकों के अमूल्य योगदान, समर्पण और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए किए जा रहे प्रयासों पर आभार व्यक्त करते हुए उनका सम्मान किया गया। इस दौरान शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में संस्थान के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ उन्हें बेहतर नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करते हैं। शिक्षकों के मार्गदर्शन से विद्यार्थी अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हैं।

Joining of New Teaching Staff









Green Campus Clean Campus











राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित एक दिवसीय शिविर - शारीरिक श्रमदान सत्र